गोपनीय/बैठक

योगेश चन्द्र
संयुक्त सचिव

17/अद्व0शा0प0सं0-47(2)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 14 फरवरी, 2014

प्रिय महोदय,

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग के अन्तर्गत निदेशक के पद पर पदोन्नति हेतु उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2013 के अन्तर्गत अर्हकारी सेवा में पचास प्रतिशत से अधिक का शिथिलीकरण प्रदान किये जाने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उन्हीं के कार्यालय कक्ष में **दिनांक 17.02.2014 को मध्याह्न 12.00 बजे से 01.00 बजे के मध्य** समिति की बैठक आयोजित की गयी है।

2. अत: अनुरोध है कि कृपया उक्त समिति की बैठक में यथासमय भाग लेने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री रवि प्रकाश अरोड़ा,
सचिव,
लघु सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

17/अद्व0शा0प0सं0-47(2)2014(1)/का-1-2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि, निम्नलिखित अधिकारियों के सूचनार्थ एवं उनके निजी सचिवों को प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

आज्ञा से,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>संयुक्त सचिव,</u>

कृपया गत पृष्ठ-7 पर अंकित कार्यालय की टिप्पणी के क्रम में, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग के अन्तर्गत निदेशक के पद पर पदोन्नति हेतु उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2013 के अन्तर्गत अर्हकारी सेवा में पचास प्रतिशत से अधिक का शिथिलीकरण प्रदान किये जाने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में, समिति की बैठक आयोजित किये जाने हेतु समय व तिथि निर्धारित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया था, किन्तु इसी मध्य मुख्य सचिव कार्यालय से प्राप्त पत्र दिनांक 10.02.2014 (सम्मुख अवलोकनीय है) के द्वारा प्रश्नगत बैठक उन्हीं के कार्यालय कक्ष में **दिनांक 17.02.2014 को मध्याह्न 12.00 बजे से 01.00 बजे के मध्य** आयोजित की गयी है।

उक्त के क्रम में, सम्बन्धित अधिकारियों को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु सूचित कर दिया जाय। तदनुसार आलेख्य अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

http://shasanadesh.up.nic.in